समाचार संक्षेप

पुलिस जवानों का स्ट्रेस मैनेजमेंट के लिए नवीन अभियान संवाद की शुरूवात

रायपुर, 1 मई(एजेंसी)। पुलिस अधीक्षक गरियाबंद निखिल राखेचा के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में गरियाबंद पुलिस द्वारा ''संवाद'' पहल की शुरूवात गई है। इस पहल का उद्देश्य पुलिस जवान जो दिन-रात ड्यूटी करते हुए एवं कुछ परिवारिक कारणां से तनाव ग्रस्त हो जाते है, उनकी विशेषज्ञ एवं पुलिस अधिकारी कि टीम द्वारा काउंसलिंग कर समस्याओं को जानने एवं उन समस्याओं को बेहतर तरिके से निपटाने का मार्गदर्शन दिया जा रहा है। तनाव के कारण कई पुलिस कर्मी शुगर, ब्लड प्रेशर जैसे कई जीवन शैली से संबंधित बिमारियों का शिकार हो जाते है। जिसका विपरित प्रभाव ड्युटी से लेकर व्यक्तिगत जीवन शैली मे भी दिखाई देता है।

समाधान शिविर की सूचना जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को अवश्य दें: कलेक्टर

0 आंगनबाड़ी से स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों को 16 जून से जाति प्रमाणपत्र वितरित करने के निर्देश

कोरबा 01 मई (एजेंसी)। कलेक्टर अजीत वसंत ने समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाजों की समीक्षा की। उन्होंने टीएल के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सुशासन तिहार अंतर्गत 5 मई से आयोजित होने वाले समाधान शिविरों का आयोजन की तैयारी की समीक्षा कर निर्देशित किया कि शिविर का आयोजन करते समय यह ध्यान रखा जाए कि आसपास के ग्रामीण और आवेदन देने वाले आवेदक आसानी से पहुँच जाएं। उन्होंने शिविर के सम्बंध में व्यापक प्रचार प्रसार करने और सभी को सूचना देने के निर्देश देते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों को शिविरों की जानकारी प्रदान करने के निर्देश एसडीएम को दिए। उन्होंने शिविर हेतु सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण करने तथा आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी से इस सत्र स्कूल में जाने वाले विद्यार्थियों का जाति प्रमाणपत्र शीघ्र बनाने और 16 जून को विद्यालय प्रारंभ होने के साथ ही वितरण के निर्देश एसडीएम को दिए।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने सभी विभागों को सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने के साथ ही संबंधित आवेदकों को शिविर के माध्यम से उनके आवेदन पर की गई कार्यवाही के संबंध में सूचित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने वन अधिकार पत्र अंतर्गत आवेदन के पात्र और अपात्र की सूची अलग करके पात्र ग्रामीणों को लाभान्वित करने तथा इसके लिए ग्राम सभा का आयोजन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने राज्य शासन द्वारा विद्यालय और अतिशेष शिक्षकों के युक्ति युक्तकरण के सम्बंध में जारी निर्देशों के तहत सूची बनाकर कार्यवाही के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने विद्यालय में अतिशेष शिक्षकों की सूची बनाकर उन्हे कम शिक्षक वाले विद्यालय में युक्तिकरण के निर्देश दिए। उन्होंने भू अर्जन के प्रकरणों के अंतर्गत लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से कलेक्ट्रेट में सीसीटीवी लगाने के निर्देश देते हुए अशोक वाटिका के एमओयू, एलुमिना पार्क, अप्पू गार्डन के सम्बंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर वसंत ने शिक्षा विभाग अंतर्गत अनुपस्थित शिक्षकों की फाइल पुटअप करने, राजस्व अंतर्गत विभागीय जाँच की कार्यवाही पूर्ण कर फाइल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

मेहनत एवं ईमानदारी से आगे बढ़ रहा साहू समाज : उप मुख्यमंत्री

राजनांदगांव, 1 मई (एजेंसी)। उप मुख्यमंत्री अरूण साव आज राजनांदगांव शहर के चौखडिया पारा स्थित तहसील साहू संघ राजनांदगांव में नवनिर्मित सामाजिक सामुदायिक भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने 40 लाख रूपए की लागत से नवनिर्मित सामाजिक सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने साहू भवन के विस्तार के लिए 15 लाख रूपए की राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने कहा कि आज का यह दिन ऐतिहासिक एवं गौरवमयी है। यह भवन नये स्वरूप में स्थापित हुआ है। इसके लिए उन्होंने सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि साहू समाज का यह सामुदायिक भवन जरूरतमंद के लिए जरूरत में खड़े होने वाला भवन है और इस भवन का इतिहास पुराना है। उन्होंने ऐतिहासिक पुरूष दानवीर भामाशाह की जयंती पर सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दानवीर भामाशाह केवल एक प्रखर योद्धा ही नहीं बल्कि महाराणा प्रताप के अनन्य मित्र भी थे। हल्दीघाटी के युद्ध में महाराणा प्रताप की रसद सामग्री समाप्त होने पर महाराणा प्रताप ने मुगलों की सेना के समक्ष आत्मसमर्पण नहीं किया और वे तथा उनकी सेना वन में चले गए। ऐसे कठिन समय में राष्ट्र भक्त एवं योद्धा दानवीर भामाशाह ने अपनी मित्रता निभाते हुए महाराणा प्रताप को सोने और चांदी की अशर्फी देकर सेना को सशक्त बनाया। उन्होंने कहा कि आज उनकी जयंती के अवसर पर संस्कारधानी में इस भवन का लोकार्पण एक बड़ी उपलब्धि है।

श्रम मंत्री ने श्रमवीरों को दी मई दिवस की शुभकामनाएं

रायपुर, 1 मई (एजेंसी)। प्रदेश के श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस (मई दिवस) के अवसर पर श्रमवीरों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर मंत्री देवांगन ने सभी श्रमिकों के सुखमय और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। देवांगन ने कहा है कि एक मई को हर साल हम मेहनतकश श्रमिकों के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए मजदूर दिवस मनाते हैं। यह श्रमिकों की मेहनत और समर्पण के सम्मान का दिन है। मंत्री देवांगन ने कामगारों की सामाजिक-आर्थिक खुशहाली के लिए प्रतिबद्धता प्रकट करते हुए कहा है कि श्रमिक हमारे समाज का अभिन्न अंग और विकास की आधारशिला हैं। छत्तीसगढ़ सरकार श्रमिकों सहित सभी जरूरतमंद लोगों के विकास का हरसंभव प्रयास कर रही है। मंत्री देवांगन ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों को लगातार सरकार की योजनाओं का लाभ तेजी से दिलाया जा रहा है। श्रम विभाग के तीनों मंडल छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल, संगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा एवं श्रम कल्याण मंडल के माध्यम से योजनाओं का सफल क्रियान्वयन हो रहा है। इसी का परिणाम है कि बीते सवा साल में श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगभग 500 करोड़ रूपए डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में अंतरित किए जा चुके हैं, जिससे श्रमिकों के साथ-साथ उनके परिवारों का भी सामाजिक, आर्थिक विकास हो रहा है।

पांचवीं एवं आठवी बोर्ड परीक्षा के परिणाम जारी

कोरबा 1 मई (दण्डकारण्य समाचार)शिक्षा विभाग द्वारा जिले के सभी शासकीय, अशासकीय विद्यालय अंतर्गत कक्षा पांचवीं एवं आठवी बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी किया गया है। जिसके अंतर्गत जिले में पांचवी कक्षा में दर्ज बच्चों की कुल संख्या 19,373 है। परीक्षा में सम्मिलित बच्चों की कुल संख्या 19,065 एवं उत्तीर्ण बच्चों की कुल संख्या 18518 है। पांचवी के विद्यार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 97.13 रहा। इसी प्रकार आठवीं कक्षा में दर्ज बच्चों की कुल संख्या 18990 है। परीक्षा में सम्मिलित बच्चों की कुल संख्या 17998 एवं उत्तीर्ण बच्चों की कुल संख्या 16821 है। आठवीं के विद्यार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 93.46 रहा।

हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए शिविरों का आयोजन

दुर्ग, 1मई (एजेंसी)। केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 एवं केन्द्रीय मोटरयान नियम 1989 के दिये गये प्रावधानों के साथ अतिरिक्त उच्च न्यायालय द्वारा समय-सयम पर जारी अन्य निर्देशों के पालन में प्रदेश में 01 अप्रैल 2019 के पूर्व के वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाया जाना अनिवार्य किया गया है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में आम जनता/कार्यालीयीन अधिकारी, कर्मचारियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित कर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाये जाने की कार्यवाही संबंधित कंपनी यथा रोसमेरटा सेफ्टी सिस्टम लिमि. के कर्मचारी द्वारा की जा रही है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री एस.एल. लकड़ा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 02 मई 2025 तथा 05 मई 2025 तक कलेक्ट्रेट परिसर दुर्ग में, 06 मई 2025 तथा 07 मई 2025 को जिला न्यायालय परिसर दुर्ग में शिविर आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार 09 मई 2025 को जिला पंचायत परिसर दुर्ग में, 10 मई 2025 तथा 11 मई 2025 को बस स्टैण्ड दुर्ग में और 13 मई 2025 व 14 मई 2025 को नगर पालिक निगम परिसर दुर्ग में शिविर आयोजित की जाएगी। उक्त शिविर में आवेदक अपने वाहन का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड के साथ उपस्थित होकर निर्धारित शुल्क जमा कर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट हेतु आर्डर कर सकते है।

ऑनलाईन टॉस्क से प्रतिदिन हजार रूपये कमाने में लालच में युवक ने गंवाए 11 लाख

रायपुर,1मई (एजेसी)। राजधानी रायपुर के गोलबाजार क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने ऑनलाइन टेलीग्राम टास्क के जरिए प्रतिदिन हजार रूपये कमाने के लालच में 11 लाख रूपये गवां दिये। युवक के साथ होटल बुकिंग और रिव्यू टास्क के नाम पर 11 लाख 22 हजार 382 रुपये की ठगी की गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी अनुसार गोलबाजार क्षेत्र में रहने वाले प्रतीक खंडाईतमेहर को 11 जनवरी 2025 को उन्हें एक अज्ञात नंबर से ज्योति नाम की महिला का फोन आया। महिला ने खुद को इजमाईट्रीप कंपनी से जुड़ा बताते हुए ऑनलाइन टॉस्क कर प्रतिदिन 500 से 1000 रुपये कमाने का ऑफ र दिया। इसके बाद प्रतीक को टेलीग्राम पर ऐश्वर्या एन नामक एक एचआर स्क्रूटर से जोड़ा गया, जिसने उन्हें इजमाईट्रीप डॉट शॉप/बुकिंग लिंक पर रजिस्ट्रेशन करने को कहा। प्रतीक ने अपनी व्यक्तिगत जानकारी और बैंक डिटेल्स देकर रजिस्ट्रेशन पूरा किया, जिसके बाद उन्हें इजमाईट्रीप ऑनाईन कॅस्टमर सर्विस नामक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया। यहां उन्हें होटल और फ्लाइट बुकिंग के रिव्यू से संबंधित टास्क दिए गए। शुरुआत में 14 जनवरी को 16 टास्क पूरे करने पर उन्हें 779 रुपये मिले, जिससे उनका विश्वास और बढ़ गया। इसके बाद, 15 से 20 जनवरी के बीच विभिन्न टास्क के लिए उनसे अलग-अलग बैंक खातों में बार-बार पैसे जमा करवाए गए। कुल मिलाकर प्रतीक ने 11 लाख 22 हजार 382 रुपये की राशि भगवती लाल जाट, गौरव नायक, धग्गा राम, अरबाज खान, सपना भार्वा और निर्मल टाक जैसे व्यक्तियों के खातों में स्थानांतरित की। ठगों ने प्रतीक को 120 प्रतिशत बोनस और डेढ़ गुना रिटर्न का झांसा दिया, लेकिन टास्क पूरा करने के बावजूद कोई भुगतान नहीं किया गया। उल्टा, उनसे 8 लाख और फिर 4 लाख रुपये की अतिरिक्त मांग की गई। पैसे न देने पर उन्हें धमकी भी दी गई। 23 जनवरी को प्रतीक ने साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज की और 29 अप्रैल को गोलबाजार थाने में लिखित आवेदन दिया। प्रतीक ने बताया कि उन्होंने यह राशि अपने परिवार, व्यापारियों और पर्सनल लोन से जुटाई थी और अब मानसिक रूप से बेहद परेशान हैं। गोलबाजार थाना प्रभारी ने बताया कि फिलहाल टेलीग्राम ग्रुप, संबंधित बैंक खातों और ट्रांजेक्शनों की जांच की जा रही है। साइबर क्राइम सेल की मदद से आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

एनटीपीसी-कोरबा और नगर निगम कोरबा के बीच सीवेज जल शोधन संयंत्र की स्थापना के लिए एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

कोरबा 1 मई (दण्डकारण्य समाचार)। सार्वजनिक क्षेत्र के वृहद उपक्रम एनटीपीसी के द्वारा कोरबा-पश्चिम दर्री क्षेत्र के जमनीपाली में स्थापित एवं संचालित कोरबा वृहद ताप विद्युत संयंत्र प्रबंधन शीर्षजनो, कोरबा स्वायत संस्थान नगर पालिक निगम के वरिष्ठ अधिकारियो एवं नव निर्वाचित जन प्रतिनिधियो की उपस्थिति में एक उच्च स्तरीय समझौता ज्ञापन में संयुक्त हस्ताक्षर कर निस्पादित किया गया। यह समझौता एनटीपीसी कोरबा और नगर निगम कोरबा के बीच शहर में एक तृतीयक सीवेज जल शोधन संयंत्र की स्थापना हेतु स्मृति पत्र हस्ताक्षारित किया गया। यह समझौता ज्ञापन कोरबा के लिये स्थायी जल प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

इस उन्नत शोधन संयंत्र की स्थापना के लिए एनटीपीसी ने 111 करोड़ की प्रतिबद्धता जताई है, जिससे शुद्ध किए गए सीवेज जल का उपयोग एनटीपीसी-कोरबा प्लांट में औद्योगिक कार्यों के लिए किया जाएगा। यह पहल छत्तीसगढ़ में पहली बार किसी शहर द्वारा सीवेज जल के पुनरू उपयोग की दिशा में उठाया गया एक अग्रणी कदम है।

इस परियोजना से पहले भी, एनटीपीसी-कोरबा द्वारा 14 करोड़ से अधिक की राशि सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना के लिए प्रदान की जा चुकी है, जो समुदाय के विकास और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस आयोजित एमओयू हस्ताक्षर समारोह में कोरबा नगर निगम महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, कोरबा नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय(आईएएस) तथा नगर निगम कोरबा के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में एनटीपीसी की ओर से कार्यकारी निदेशक (ईडी) राजीव खन्ना, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) शशि शेखर, अपर महाप्रबंधक (टीएस) मनोज कुमार राजक, उप महाप्रबंधक (पीएंडएस) शैलेन्द्र यादव, उप महाप्रबंधक (एफईएस) जीवराज जाट, तथा वरिष्ठ प्रबंधक (एचआर) शशांक छाजेड़ आदि उपस्थित रहे।

एनटीपीसी और नगर निगम कोरबा के बीच यह सहयोग जिम्मेदार जल उपयोग की दिशा में एक मानक स्थापित करता है और क्षेत्र में जल संरक्षण के प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान देने की

क्राईम मीटिंग में पुलिस अधीक्षक ने की लंबित मामलों की समीक्षा

- अपराध रोकने एवं असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने दिए सख्त निर्देश
- सुशासन तिहार 2025 को लेकर जन समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु दिये सख्त निर्देश
- जुआ/सट्टा के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करने हेतु दी गई हिदायत
- नशीले पदार्थ, गांजा, ड्रग्स, अवैध शराब तस्करों पर सख्त कार्यवाही करने कहा गया

राजनांदगांव, 1 मई (ऐजंसी)। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग द्वारा पुलिस अधिक्षक कार्यालय राजनांदगांव के सभागार में (राजपत्रित अधिकारी पुलिस) एवं थाना प्रभारियों की क्राईम मीटिंग ली गई जिसमें कानून व्यवस्था एवं अपराधों के संबंध में जानकारी ली गई अपराधों पर नियंत्रण एवं आसामाजिक तत्वों, नशीले पदार्थो की खरीदी बिकरी, गुण्डा बदमाश, निगरानी बदमाश पर अंकुश लगाने के लिए संदिग्ध लोगों की पहचान कर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए। गुण्डा बदमाश, निगरानी बदमाश की पहचान कर त्वरित कार्यवाही करने एवं नये बदमाशों का नाम सूचि में जोड़ने हेतु दिये गये निर्देश। जितने भी मर्ग पेंडिग है उसका सिघ्र निरकरण करने एवं बिसरा नष्टी करने हेतु हिदायत दिया गया। रोड एक्सीडेंट होने पर विवेचना के दौरान एम.व्ही. एक्ट. की धारा जोड़ने हेतु कहा गया। राजनांदगांव पुलिस की कार्यवाही को अपडेट कर आधुनिकता की ओर ले जाते हुये दिनांक 30.04.2025 से ही ऑनलाईन रोजनामचा अपलोड़ करने के लिये सभी थानों निर्देशित किया गया है। विडियों कॉन्फ्रेंसिंग, जीरो एफआईआर को बढ़ावा देने हेतु कहा गया है। जप्तशुदा नगदी राशि एवं बहुमुल्य जेवरात को एक सप्ताह के अंदर न्यायलय में जमा करने के लिये निर्देशित किया गया।

अपराधों में जप्ती

गिरफ्तारी आदि विवेचना के दौरान फोटोग्राफी, विडियोंग्राफी एवं जानकारी ई-साक्ष्य के तहत अपलोड करने के लिये सख्त निर्देश दिया गया। सुशासन तिहार-2025 के तहत जन संवाद और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने हेतु कहा गया।

मीटिंग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक, एसडीओपी डोंगरगांव श्री दिलीप सिसोदिया, एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम, एसडीओपी डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया व जिले के समस्थ थाना/चौकी प्रभारीगण उपस्थित थे।

.02 से 14 मई तक जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित होंगे शिविर

दुर्ग 01 मई (एजेंसी) केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 एवं केन्द्रीय मोटरयान नियम 1989 के दिये गये प्रावधानों के साथ अतिरिक्त उच्च न्यायालय द्वारा समय.सयम पर जारी अन्य निर्देशों के पालन में प्रदेश में 01 अप्रैल 2019 के पूर्व के वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाया जाना अनिवार्य किया गया है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में आम जनताध्कार्यालीयीन अधिकारीए कर्मचारियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित कर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाये जाने की कार्यवाही संबंधित कंपनी यथा रोसमेरटा सेफ्टी सिस्टम लिमिण् के कर्मचारी द्वारा की जा रही है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री एसण्एलण् लकड़ा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 02 मई 2025 तथा 05 मई 2025 तक कलेक्ट्रेट परिसर दुर्ग मेंए 06 मई 2025 तथा 07 मई 2025 को जिला न्यायालय परिसर दुर्ग में शिविर आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार 09 मई 2025 को जिला पंचायत परिसर दुर्ग मेंए 10 मई 2025 तथा 11 मई 2025 को बस स्टैण्ड दुर्ग में और 13 मई 2025 व 14 मई 2025 को नगर पालिक निगम परिसर दुर्ग में शिविर आयोजित की जाएगी। उक्त शिविर में आवेदक अपने वाहन का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड के साथ उपस्थित होकर निर्धारित शुल्क जमा कर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट हेतु आर्डर कर सकते है।

आबकारी विभाग दुर्ग की टीम ने बड़ी मात्रा में जप्त की महुआ शराब एवं लाहन

दुर्ग 01 मई (एजेंसी) ् कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार उपायुक्त आबकारी श्री जीण्के भगत व प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी श्री सीण्आरण् साहू के मार्गदर्शन में 30 अप्रैल 2025 को प्रातः गश्त के दौरान आबकारी विभाग जिला दुर्ग के द्वारा वृत.दुर्ग आंतरिक दक्षिण के अन्तर्गत ग्राम घोरारी में अवैध शराब के निर्माणध्विक्रयध्धारण की सूचना पर त्वरित एवं विधिवत कार्यवाही कर 200 लीटर महुआ शराब तथा 4ए000 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया हैए जिसका बाजार मूल्य 2ए30ए000 रूपये है। खेत के रास्ते अज्ञात आरोपीगण भाग निकले मौके पर 15 भट्ठियां मिलीए जिसे नष्ट किया गया है।

सहायक आयुक्त आबकारी से मिली जानकारी अनुसार प्रकरण में अज्ञात के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34;2द्ध के तहत प्रकरण दर्ज कर आबकारी उप निरीक्षक श्री अरविन्द साहू द्वारा विवेचना में लिया गया है। इस प्रकरण में सहायक जिला आबकारी अधिकारी निर्मला ठाकुरए आबकारी उप निरीक्षक प्रियंक ठाकुरए हरीश पटेलए भोजराम रत्नाकरए गीतांजलि ताराम मुख्य आरक्षक संतोष दुबेए प्रह्लाद राजपूतए आरक्षक देव प्रसाद पटेल एअशोक वर्मा एसंदीप तिर्की एवं ड्राइवर राजू धनराजए दुर्गेश का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

मिलेट्स से स्वादिष्ट व्यंजन बना रही महिला समूह, बढ़ रही मांग

दुर्ग 01 मई (एजेंसी) जिले के ग्राम पंचायत बोराई में महिला स्व.सहायता समूह की सदस्य श्रीमती भारती टंडन और उनके समूह की दीदीयां मिलेट्स ;मोटे अनाजद्ध से स्वादिष्ट व्यंजन बना रही हैंए जिससे न केवल उन्हें आत्मनिर्भरता मिल रही हैए बल्कि उनके उत्पादों की मांग भी बढ़ रही है।

बिहान स्व.सहायता समूह से जुड़ी श्रीमती भारती टंडन ने 2018 से समूह के साथ काम करना शुरू किया। शुरुआत में उनके समूह ने मुरकुए पापड़ का निर्माण किया और उससे 10ए000 रुपये का लाभ प्राप्त किया। बाद मेंए उन्होंने मसाला और खाद निर्माण में भी कदम रखा और इससे 60.70 हजार रुपये का मुनाफा हुआ। खाद निर्माण से समूह को 2.3 लाख रुपये का फायदा हुआ। अबए

श्रीमती टंडन और उनके समूह ने मिलेट्स ;मोटे अनाजद्ध से स्वादिष्ट व्यंजन बनाने की ओर कदम बढ़ाया है। कृषि विज्ञान केंद्र अंजोरा से मिली प्रशिक्षण के बादए उन्होंने मिलेट्स से विभिन्न प्रकार के पकवानों का निर्माण शुरू किया। इस कदम से न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया हैए बल्कि उनके उत्पादों की मांग भी बढ़ी है।

हाल ही में श्रीमती भारती टंडन ने जिला पंचायत परिसर में अपना स्टाल लगाया और वहां अपनी बनाई हुई व्यंजन बेची। साथ हीए आईआईटी भिलाई में भी एक स्टाल लगाया गयाए जिसमें 66ए000 रुपये का विक्रय हुआ और 30ए000 रुपये की शुद्ध आय प्राप्त हुई। श्रीमति टंडन बताती हैं कि वर्तमान में मिलेट्स और अन्य कार्यों से वे 3.4 लाख रुपये का लाभ कमा रही हैं और वे अब श्लखपति दीदीश् के रूप में काम कर रही हैं। मिलेट्स को पोषक तत्वों से भरपूर और ग्लूटन.फ्री होने के कारण बहुत महत्व दिया जा रहा हैए और इन्हें श्श्रीअन्नश् के नाम से भी जाना जाता है।

स्व.सहायता समूह के सदस्य सीमा बाई नंदकुमारी सेज बाईए वर्षा द्रौपती चित्ररेखा ज्योति निर्मला प्रमिला बंजारे मिलकर रागीए बाजरे का लड्डूए सलोनी खुर्मीए अनरसाए ठेठरी और अन्य गरम नास्ते जैसे पकवान तैयार कर रहे हैं। वे कोदो की खिचड़ीए इडलीए पकोड़े और अन्य व्यंजन भी बना रहे हैं। श्रीमती भारती टंडन और उनके समूह की महिलाएं मिलेट्स से बने स्वादिष्ट व्यंजनों के माध्यम से अपनी आत्मनिर्भरता बढ़ा रही हैं।